दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 150 | छतरपुर, गुरूवार 26 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में खुलेंगे समृद्धि और खुशहाली के नये द्वार - प्रधानमंत्री श्री मोदी







**-मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य जहां नदियों को जोड़ने के अभियान की हुई शुरूआत**
**-विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश बनाने में बुंदेलखंड का होगा अहम रोल**
**-आने वाले सालों में म.प्र. देश की टॉप इकोनामी में से होगा एक**
**-मोहन सरकार ने एक वर्ष में मध्यप्रदेश के विकास को दी नई गति**
**-पूर्व की सरकारों ने बुंदेलखंड में सूखे की समस्या को दूर करने कोई स्थाई समाधान नहीं खोजा**
**-मध्यप्रदेश से निकली माँ नर्मदा के आशीर्वाद ने गुजरात का बदल दिया भाग्य**
**-केन-बेतवा लिंक परियोजना अटल जी के विजन का है परिणाम**
**-पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी की जयंती सुशासन और हमारी सुप्रेरणा का दिन**
**-मध्यप्रदेश दुनिया के टॉप-10 टूरिज्म डेस्टिनेशन में से एक**
**-अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया**
**-मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदनों का भूमि-पूजन**
**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का किया लोकार्पण**
**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अटल जी की 100वीं जयंती पर देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना का किया शिलान्यास**
**-प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए आधुनिक भगीरथ - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**
**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुशासन के साथ लोकतंत्र को भी किया पुष्पित-पल्लवित**

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 1 वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन-बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहा, वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पौंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के लिए अपना लहू बहाया था, हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100त्न लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है।

### *बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे*

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

### *मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदला*

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल समस्या 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक है। वही देश आगे बढ़ेगा जिसके पास पर्याप्त जल और उसका उचित प्रबंध होगा। गुजरात में सूखा पड़ता था परंतु मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदल गया। मध्यप्रदेश ने सूखाग्रस्त गुजरात को जलयुक्त बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैंने बुंदेलखंड की बहनों और किसानों से जो वादा किया था, आज मैं 45 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना के साथ उसे पूरा करने आया हूं। आज यहां दौधन बांध का शिलान्यास हुआ है। इससे जो नहर निकलेगी वो लगभग 11 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करेगी।

### *जल सुरक्षा और जल संरक्षण के रूप में याद किया जाएगा यह दशक*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में यह दशक जल सुरक्षा और जल संरक्षण के दशक के रूप में याद किया जाएगा। देश में पिछले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ परिवारों के पास नल से जल पहुंचता था। हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में 12 करोड नए परिवारों तक नल से जल पहुंचाया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर में 2100 वॉटर क्वालिटी लैब बनाए गए हैं और 25 लाख महिलाओं को शिक्षित किया गया है। शुद्ध पेयजल बीमारी से बचाव भी करता है।

### *अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को कराया पूरा*

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 100 बड़ी सिंचाई परियोजनाएं अधूरी पड़ी थी, हमारी सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च करके उन्हें पूरा करवाया है। देश में आधुनिक ...शेष पृष्ठ 16 पर

## शिवराज मामा के समर्थन में लगे नारे



खजुराहो में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना के समारोह में जब मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आये तो जनता में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई लेकिन जैसे ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह मंच पर पहुंचे तो जनता में शिवराज मामा जिंदावाद के नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। लोग यह नजारा देखकर दंग रह गये और यह चर्चा करने लगे कुछ भी हो जनता में मामा का क्रेज आज भी बरकरार है।

# पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में बीना कप का हुआ भव्य शुभारंभ- आशुतोष राणा ने की बैटिंग, अभिषेक भार्गव ने की बॉलिंग

**बीना आगमन पर आशुतोष राणा का शहर में हुआ जोरदार भव्य स्वागत**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में बीना कप 2024-2025 का भव्य शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर स्मृति चित्र को दीप प्रज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सभी ने खेल मैदान का जायजा लिया। फिर बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा ने बैटिंग की। जब अभिषेक भार्गव ने बैटिंग की, तब आशुतोष राणा ने बॉलिंग की।

***बीना विधायक निर्मला सप्रे ने भी खेली एक गेंद***

उन्होंने सांसद डॉ. लता वानखेड़े से आग्रह किया कि वे बैटिंग करें, तब उन्होंने बॉलिंग की। इसके बाद बीना विधायक निर्मला सप्रे ने एक गेंद खेली, फिर पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी ने भी गेंद खेली। भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने जोरदार छक्का मारा। इसके बाद दोनों टीमों से मिलने के बाद मैच की शुरुआत हुई।

***गौरव सिरोठिया ने क्रिकेट को सांस्कृतिक धरोहर बताया***

उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने अपने संबोधन में टूर्नामेंट की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक धरोहर है जो हमारे समाज को एकजुट करता है। इस टूर्नामेंट से न केवल खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे, बल्कि यह हमारे शहर को खेल की दुनिया में एक नई पहचान दिलाएगा। यह खेल टूर्नामेंट विगत 20 वर्षों से चला आ रहा है।

सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि हम अपने शहर के विकास और यहां के युवाओं के लिए इस तरह के खेल आयोजनों का समर्थन करते हैं। यह टूर्नामेंट स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा और शहर के खेल माहौल को नई दिशा देगा।

***आशुतोष राणा ने दी युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा***

बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा ने अपनी उपस्थिति से समारोह में रंग भरते हुए कहा कि क्रिकेट के प्रति मेरी दीवानगी हमेशा रही है और मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। हमें हमेशा अपने युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और खेलों के माध्यम से उन्हें एक सकारात्मक दिशा दिखानी चाहिए।

# मतंगेश्वर महाराज की महाआरती पूर्व प्रधानमंत्री को समर्पित

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आज ब्रह्ममुहूर्त के शुभ अवसर पर, श्री मतंगेश्वर महाराज की महाआरती, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपाई जी को समर्पित की गयी। उनकी आत्मा की शान्ति हेतु सभी भक्तों ने प्रतापेश्वर मंदिर में विशेष आरती एवं पूजन किया। उपस्थित भक्तों को श्री अटल जी के जीवन पर स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती, जल योद्धा पदमश्री उमा शंकर पांडे, ब्रह्माकुमारी बहन श्री पुष्पलता, माउंट आबू, भारतीय पुरातत्व विभाग के डॉ शिवाकांत बाजपाई, पर्यावरण विध परिवर्तन NGO की आकांशा टिक्कू, पूजा अर्चना एवं शान्ति ध्यान का सञ्चालन स्वामी अभयानंद, अयोधया के मुखारविंद से संपन्न हुए। कार्यक्रम का संयोजन, मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दाजी इंटरनेशनल कल्चरल सेण्टर के पंडित सुधीर शर्मा जी और अविनाश तिवारी जी ने किया। सभी ने मंदिरों के दर्शन एवं परिक्रमा कर अपनी यात्रा चौसठ योगिनी मंदिर पे संपन्न की। आज सभी बुद्धिजीवी एवं सभी संत, आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के जल यज्ञ कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होंगे।



# मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व का शिविर आज

छतरपुर। मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व का शिविर गुरुवार 26 दिसंबर को प्रातः10 बजे से राम जानकी मन्दिर के पास पठापुर रोड छतरपुर में आयोजित होगा। वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 के हितग्राही शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को हितलाभ एवं विभागीय योजनाओं, सेवाओं के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा।

# वन परिक्षेत्र बकस्वाहा में अवैध शिकार पर कसा गया शिकंजा- जंगली सुअर का अवैध शिकार पकड़ा गया

**विनोद कुमार जैन**



परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा - नैनागिर सर्किल मे देवपुर बीट के तहत वन विभाग के अधिकारियों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध शिकार की एक महत्वपूर्ण घटना का खुलासा किया है। इस मामले में जंगली सुअर का अवैध शिकार किया गया था, जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। इस कार्यवाही को मुख्य वन संरक्षक श्री ए के सिंह,क्षेत्रीय वन मंडल अधिकारी श्री सर्वेश सोनवानी के मार्गदर्शन एवं उप मंडल अधिकारी श्री राम कुमार एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री लव प्रताप सिंह के निर्देशन में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन विभाग की देवपुर बीट के प्रभारी श्री आशुतोष पचौरी,श्री हरिया अहिरवार परिक्षेत्र सहायक बक्सवाहा, श्री बृजभान सिंह वन रक्षक एवं श्री राम कुमार अहिरवार वनरक्षक द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक छापेमार कार्यवाही की गई। इस दौरान तीन व्यक्ति देवरी निवासी, ध्रुव लोधी,गणेश लोधी एवं दलसिंह को अवैध तरीके से जंगली सुअर के मांस के साथ ले जाते हुए पकड़ा गया। वहीं, इस जानकारी के आधार पर वन अमले ने तुरंत गणेश आदिवारी के खेत पर जाकर जांच की। वहां मौके से जंगली सुअर का उबला हुआ मांस और सुअर का सिर बरामद किया गया। वन विभाग ने अवैध शिकार का सामान जप्त कर लिया और प्रकरण पंजीबद्ध किया। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वन विभाग की इस कार्रवाई को क्षेत्रवासियों और वन्यजीवों के संरक्षण में बड़ा कदम माना जा रहा है,जिसमें वन विभाग ने अवैध शिकार करने वाले अपराधियों को पकड़ा। इस सफलता को वन विभाग के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया गया है। वन विभाग के इस अभियान में वन विभाग के कर्मचारियों के योगदान को सराहा गया है।वन विभाग के अधिकारी श्री ए के सिंह सीसीएफ श्री सर्वेश सोनवानी,श्री राम कुमार जी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री लव प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्यवाही क्षेत्र में अवैध शिकार के खिलाफ एक सख्त संदेश भेजती है और वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# बंद कमरे में आयोजित हुई नगरपालिका की बैठक

**-पीआईसी की बैठक नपाध्यक्ष लता सकवार की अध्यक्षता में हुई आयोजित**

**-महिलाओं के अधिकारों पर परिजनों का कब्जा: नपा पीआईसी बैठक में महिला सभापति के पति की मौजूदगी पर सवाल, 46 में से 42 प्रस्ताव पारित**

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बंद कमरे में आयोजित हुई नगरपालिका की बैठक,पीआईसी की बैठक नपाध्यक्ष लता सकवार की अध्यक्षता में हुई आयोजित,महिलाओं के अधिकारों पर परिजनों का कब्जा, नपा पीआईसी बैठक में महिला सभापति के पति की मौजूदगी पर सवाल, 46 में से 42 प्रस्ताव पारित। गौरतलब है कि महिलाओं को नगर सरकारों में भले ही 50 प्रतिशत आरक्षण मिला हो, लेकिन उनके अधिकारों पर अब भी उनके परिजनों का प्रभाव देखा जा रहा है। नगर पालिका परिषद की पीआईसी (परिषद कार्यकारिणी समिति) की बैठक बंद कमरे में आयोजित की गई। मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों के पति भी मौजूद थे।

***पीआईसी की बैठक में 42 प्रस्ताव हुए पारित***

नगर पालिका परिषद में पीआईसी की बैठक नपाध्यक्ष लता सकवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कुल 46 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 42 प्रस्ताव पारित हुए और चार प्रस्ताव खारिज कर दिए गए। नपाध्यक्ष ने बताया कि बैठक बंद कमरे में आयोजित की गई थी, और महिला सभापतियों के परिजनों की उपस्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

***बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों को दी मंजूरी***

* बेलई तिराहा स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सुरक्षा बाउंड्रीवॉल का निर्माण।

* तीन कर्मचारियों की अनुकंपा नियुक्ति को नियमानुसार स्वीकृति।

* आरओबी 307 वी और आरओबी 308 वी को हैंडओवर करने और बिजली बिल का भुगतान।

* वीरांगना झलकारीबाई की मूर्ति स्थापना।

* फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर की खरीदी के लिए निविदाओं को स्वीकृति।

* खिरिया वार्ड में ठेकेदार द्वारा अधूरे नाले के कार्य को निरस्त कर नया टेंडर जारी करने का निर्णय।

* रोड पर सुरक्षा संकेतक लगाने का प्रस्ताव।

* पानी की टंकी निर्माण में प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई।

* सहायक राजस्व निरीक्षक कमल अहिरवार की रोकी गई दो वेतन वृद्धियों को खोलने का प्रस्ताव।

* विभिन्न वार्डों में सड़क और नाली निर्माण के प्रस्ताव।




महिलाओं के अधिकारों पर सवाल

बीना नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय ने आरोप लगाया कि जहां महिला सशक्तिकरण की बात हो रही है, वहीं पीआईसी की बैठक में महिलाओं के अधिकारों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति उपस्थित थे, जो नियमों का उल्लंघन है। साथ ही, बैठक बंद कमरे में आयोजित की गई, जबकि इसे सार्वजनिक मीटिंग हॉल में होना चाहिए था।

***सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने दी सफाई***

नगर पालिका के सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने बताया कि महिला सभापति के परिजन केवल उन्हें छोड़ने के लिए आए थे, और बैठक में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

# अटल जी जन-जन के प्रेरणा स्त्रोत हैं- अविराज सिंह

## खुरई में आयोजित डोहेला महोत्सव के संबंध में आवश्यक बैठक हुई



परिहार गर्जना न्यूज। खुरई। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी का देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया सम्मान करती है। लोकतंत्र के बारे में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने आत्मसात किया है।

खुरई के किला मैदान में आयोजित अटल जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने स्व. अटल जी के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि भारत रत्न और देश के प्रधानमंत्री रहे स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी समस्त देश के प्रेरणा स्त्रोत थे। मैं अपने संबोधन में हमेशा उनकी कविताओं का वाचन करता हूं। बिना किसी भेदभाव के उनके काम करने की शैली से विपक्ष के लोग भी प्रभावित थे। स्व. अटल जी के व्यक्तित्व से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अगर आप उनके जीवन को पढ़ेंगे तो आश्चर्य चकित रह जाएंगे कि किसी एक व्यक्ति का ऐसा बहुआयामी व्यक्तित्व हो सकता है, लोकतंत्र के बारे में उनके विचारों को पूरी दुनिया ने आत्मसात किया है। अटल जी किसी एक पार्टी के लिए नहीं बल्कि जन-जन के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। अविराज सिंह ने अपने संबोधन में स्व. अटल जी की एक कविता सुनाई।

***डुहेला महोत्सव की तैयारी बैठक ली***

भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने खुरई के किला मैदान में डुहेला महोत्सव की तैयारी बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन पिछले वर्षों में जिस मुकाम तक पहुंचा है, वे मानते है कि आने वाले समय में इसे डुहेला महोत्सव के साथ खुरई महोत्सव के रूप में भी जाना जाएगा। क्योंकि इस महोत्सव ने देश के मुंबई, दिल्ली जैसे महोनगरों में भी खुरई का नाम रोशन किया है। देश के बड़े-बड़े कलाकारों में यहां प्रस्तुति देने की इच्छा रहती है।

अविराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी अनुशासन का संदेश देती है। जिसके अनुरूप हमें डोहेला महोत्सव को अनुशासित बनाना है। वैसे भी इस आयोजन में पार्टी के कार्यकर्ता जी जान से जुटकर इसे सफल बनाते हैं। अगर आपको लगता है कि व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कुछ किया जा सकता है, तो आपके सुझाव का स्वागत है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में इस महोत्सव के दौरान राष्टीय स्तर के कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। अविराज सिंह ने अटल जन्म शताब्दी समारोह तथा डोहेला महोत्सव में उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

***प्रमाण पत्रों का वितरण***

खुरई की भास्कर नगर कॉलोनी में दीनदयाल अन्त्योदय योजना अन्तर्गत आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में अविराज सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में यह प्रशिक्षण भी एक कड़ी है। अतः मैं आप सभी को शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता की परिभाषा विराट है। जीवन में सबसे बड़ी सफलता यह है कि व्यक्ति एक अच्छा इंसान बने और अच्छा इंसान वह होता है जो चरित्रवान होता है। भाजपा का प्रयास रहा है कि देश में चरित्रवान युवा पीढ़ी तैयार हो। अविराज सिंह ने जीवन में सफल होने के सूत्र भी बताये।

उक्त कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनिवास माहेश्वरी, चन्द्रप्रताप सिंह, न.पा. अध्यक्ष श्रीमति नन्ही बाई, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, प्रवीण जैन, राजेन्द्र कल्लू यादव, देशराज यादव, लाखन सिंह यादव, श्रीमति रश्मि सोनी, अजीत सिंह अजमानी, ज्योति शर्मा, गब्बर ठाकुर, श्रीमति माधवी कुर्मी, रामशास्त्री, सौरभ नेमा, मौसम नेमा, आकाश नेमा, कमलेश राय, भास्कर ठाकुर, काशीराम अहिरवार, मनोज राय, सचिन असाटी, बलवीर ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, नीतिराज पटैल, रमेश साहू, जगदीश अहिरवार, राजू खान, पुष्पेन्द्र ठाकुर, गोलू उरदोना, छोटू रोकड़िया सहित भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा कुछ ही घण्टों के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सूचनाकर्ता प्रेम अहिरवार निवासी ग्राम कन्नाखेड़ी ने थाना खुरई ग्रामीण में आकर पुलिस को रिपोर्ट लेख कराया कि इसके पिता को गांव के हरिजन मुहल्ला में रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया है । रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

घटना गंभीर प्रकृति की होने से घटना के संबंध में तत्काल श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक सागर श्री विकाश कुमार शाहवाल द्वारा थाना प्रभारी एवं संबंधित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आरोपी का पता लगाकर शीघ्र गिरफ्तारी की जावे अज्ञात आरोपी का पता लगाने एवं गिरफ्तारी हेतु तत्काल टीम बनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके, एसडीओपी खुरई सचिन परते के निर्देशन में थाना प्रभारी खुरई ग्रामीण निरीक्षक संतोष सिंह दांगी के नेतृत्व में अलग अलग टीम गठित कर हत्या के आरोपी की पतासाजी हेतु अलग-अलग जगह भेजा गया साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर पता लगाने का हर संभव प्रयास किया गया इसी क्रम में मौका साक्षियों से पूछताछ भी लगातार की गई जिससे अज्ञात आरोपी को ज्ञात कर आरोपी की पता तलाश कर गिरफ्तारी की जा सके समस्त प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 25.12.24 को मुखबिर की सूचना मिलने पर आरोपी अशोक अहिरवार को ग्राम कन्नाखेड़ी में खेत से गिरफ्तार किया जाकर सूक्ष्मता से पूछताछ करने पर जमीन के विवाद पर हत्या करना स्वीकार किया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया । बाद आरोपी को मान. न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह दांगी, सउनि हुकम सिंह कुमरे, सउनि जे. पी. यादव, आरक्षक हाकिम सिंह, बाबूलाल, संजय जाट, दिनेश, अनिल, लोकेन्द्र, राहुल, देवेश, सायबर सेल प्रधान आरक्षक सौरभ, आरक्षक हेमेन्द्र का अहम योगदान रहा ।

# विधायक ने निगम अध्यक्ष के साथ किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



परिहार गर्जना न्यूज। सागर।विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पंतनगर वार्ड की नव निर्मित सीसी रोड का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से सड़क की गुणवत्ता की जानकारी ली और उसके निर्माण की बधाई दी,इसके पश्चात काकागंज वार्ड वासियों को मांग पर उन्होंने श्मशान घाट से केशराम किराना होते हुए भरका पुल तक की सड़क का निरीक्षण किया और ठेकेदार को अविलंब निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए,इस अवसर पर अंत्योदय समिति अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा रामेश्वर चौबे,नीरज गोलू कोरी, भरत अहिरवार,राहुल नामदेव, पराग जैन,कृष्ण कुमार पटेल, हरिनारायण नामदेव,श्रीमती शारदा कोरी,मोनू जैन,मोनू रिछारिया सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

# आम आदमी पार्टी जिला इकाई सागर ने महापुरुषों डॉ अम्बेडकर जी, डॉ. हरीसिंह गौर साहब के अपमान के विरोध में ज्ञापन सौंपा



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। आज भाजपा महान नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में सुशासन दिवस मनाती हैं, लेकिन वर्तमान में भाजपा का सर्वत्र कुशासन विद्यमान है। आम आदमी पार्टी प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी आंदोलन के अंतर्गत भाजपा का यह कैसा सुशासन की थीम पर आम आदमी पार्टी जिला इकाई सागर ने पार्टी जिलाध्यक्ष इंजी डीके सिंह के नेतृत्व एव पदाधिकारी की उपस्थिति में भाजपा द्वारा लगातार एक-एक करके महापुरुषों सबसे पहले संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर जी, फिर बुंदेलखंड सागर की आन बान शान संविधान सदस्य भारत के उपसभापति सागर के गौरव डॉ हरीसिंह गौर साहब के अपमान के विरोध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया..मीडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष डीके सिंह जी ने बताया कि संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी,के ऊपर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में उनका त्यागपत्र की मांग को लेकर और सागर में दो दिन पूर्व भाजपा द्वारा आयोजित की गई सागर गौरव यात्रा में बुंदेलखंड सागर के गौरव ,हर सागरवासी के लिए आन बान शान डॉक्टर हरि सिंह गौर साहब की बीजेपी द्वारा आयोजन स्थल पर जहां खुद मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री,मंत्री एवं विधायक विराजमान थे,वहां लगाए गए मुख्य फ्लेक्स में गौर साहब की फोट ना लगाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर सागर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया.और भविष्य में इस तरह के आयोजक पर करवाई की जाए जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आज भाजपा सुशासन की बात कर रही है जबकि मध्य प्रदेश में सुशासन नहीं कुसाशन का राज चल रहा है, जिला सचिव हृदेश पाटकर ने बताया कि भाजपा के शासन में मध्य प्रदेश में किसान,बेरोजगार,युवा, शिक्षक सब परेशान हैं. जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत राज ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी लगातार जनहित के मुद्दे उठाकर लोगों के माध्यम से भाजपा का घेराव करेगी.. आज ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से इंजी डीके सिंह संयुक्त सचिव प्रदेश रामसेवक पवार, प्रदेश संयुक्त सचिव विनोद कुर्मी पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, हृदेश पाटकर , माधव अहिरवार,अमर चौधरी , लक्ष्मीकांत राज, एस के खत्री,सुरेंद्र चौहान ,हरिशंकर सेन,असलम खान गिरधारी पटेल,भगवान दास जी, कुलदीप ठाकुर एव सैकड़ो पदाधिकारी एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे..

# प्रधानमंत्री ने खजुराहो में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना का किया शिलान्यास

## कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित




**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास, ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण एवं 1153 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर टीकमगढ़ जिले के 13 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि पूजन हुआ। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर अवधेश शर्मा, जनप्रतिनिधि, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारी तथा किसान भाईयों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मुख्यातिथ्य में खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। केन- बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में पलेरा, जतारा, लिधौरा तथा दिगौड़ा तहसील के 131 गांव के किसान लाभान्वित होंगे। इससे इस क्षेत्र में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी जिसका लाभ किसान भाइयों को होगा। अच्छी सिंचाई होने से फसल उत्पादकता में भी वृद्धि होगी। इसके अलावा जल स्तर में सुधार होगा और पेयजल की उपलब्धता होगी।

# झिरकी बगिया में बहेगी ज्ञान गंगा, श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की तैयारियां जोरों पर, हुई बैठक

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में आने वाले संत-महंतों के ठहरने की व्यवस्थाओं एवं उनके भोजनादि का बेहतर इंतजाम किया जाएगा। इसके साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने आदि की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। आयोजन को सफलता प्रदान करने के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए समिति द्वारा हरसंभव प्रयास व इंतजाम किए जाएंगे। यह बात बैठक को संबोधित करते हुए पंडित श्री रामगोपाल शर्मा ने कही। वह यहां झिरकी बगिया में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बृंदावन तालाब के समीप प्रसिद्ध धार्मिक स्थली झिरकी बगिया में आगामी 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बताया गया है कि श्री श्री 1008श्री सियाराम दास जी तपस्वी जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं राम नाम संकीर्तन की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। तैयारियों को लेकर आज झिरकी बगिया मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महंत श्री रामदास त्यागी जी महाराज ने की। यह जानकारी देते हुए महेन्द्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि कथा की मुख्य यजमान श्रीमती नीलपा-प्रकाश चंद द्विवेदी होंगी। इस अवसर पर कथा व्यास रसिकेश्वर दास जी महाराज मिथला बिहारी कुंज खजुहा धाम रीवा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस 2 जनवरी 25 को श्री रामराजा मंदिर नजरबाग से झिरकी बगिया के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक का संचालन पंडित महेन्द्र कुमार द्विवेदी ने किया। इस दौरान अनेक वक्ताओं ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार व्यक्त किए। बताया गया है कि प्रसिद्ध मंदिर में झिरकी बगिया में प्रभु श्रीराम दरवार के साथ ही हनुमान जी, शिव सहित अनेक देवी देवताओं के दर्शन होते हैं। यह एक रमणीक स्थली है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों भक्तगण आते-जाते रहते हैं। शहर के उत्तर दिशा में स्थित झिरकी बगिया में साधु संतों की सेवा के साथ ही गौसेवा और गौदर्शन का लाभ भी भक्तों को मिलता रहता है। यहां के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में भी भक्तों द्वारा निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप यहां मंदिर का विस्तार किया जाता रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मातृ शक्ति संगठन एवं बी-क्लब की नारी शक्ति ने भी अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर मातृ शक्ति संगठन से सीमा पटैल, राम कुमारी द्विवेदी, नीरज दुबे, बी-क्लब से महक अग्रवाल, अंजली अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे। बताया गया है कि यह आयोजन भक्त मंडल एवं नगरवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। आयोजक मंडल के सदस्यों ने सभी नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर राम गोपाल शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेन्द्र चतुर्वेदी, सुभाष मिश्रा, दुर्गा दीक्षित, रमाशंकर गंगेले, राम कुमार मिश्रा, प्रदीप खरे, केएल टेलर, सीमा पटेल, राम कुमारी द्विवेदी, महक अग्रवाल, अंजली अग्रवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



# लैला मजनूं अभियान ने मनचलों की खबर, संदिग्ध इलाकों पर पुलिस की नजर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ के निर्देशन में महिला थाना पुलिस द्वारा लैला मजनू अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ शहर में विभिन्न स्थानों पर संदिग्धों से पूँछताँछ कर वैधानिक कार्यवाही की गई। अभियान में 372 से अधिक मजनुओं को पकड़ा जा चुका है। पकड़े गए मजनुओं के अभिभावकों को बुलाकर समझाईस दी गई। बताया गया कि कार्यवाही के फोटोग्राफ्स लिए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में महिला थाना पुलिस द्वारा 'लैला मजनू अभियान' के तहत टीकमगढ़ के स्कूल, कॉलेज, पार्को पास के संदिग्ध स्थानों पर घूम रहे मजनुओं, संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछतांछ की जा रही व घूमने का वैध कारण न बता पाने पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बताया गया है कि होटल, लॉज, धर्मशाला, उपवन पार्क, पिकनिक स्पॉट, तालाब आदि पर लगातार औचक पेट्रोलिंग की जा रही है। पकड़े गए मजनुओं के अभिभावकों को बुलाकर समझाइस दी जा रही है। अभी तक 372 से अधिक मजनुओं पर वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लैला मजनू अभियान के अंतर्गत मजनुओं पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# युवा उत्सव 2024 में शामिल लोगों को किया साइबर अपराधों से जागरुक



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नेहरू युवा केंद्र खेल व युवा कल्याण विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना टीकमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में युवा उत्सव 2024 मनाया गया। युवा उत्सव विजेताओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। बताया गया है कि युवा उत्सव- 2024 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम द्वारा विजेता प्रतिभागियो को पुरुष्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किये साथ ही में पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश निर्देशानुसार कार्यक्रम शामिल लोगों को साइबर अपराधो के जागरूक किया गया। दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को युवा उत्सव.2024 ;युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार व राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र, खेल युवा कल्याण विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान मे युवा उत्सव 2024 का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद हाल में किया गया था। कार्यक्रम में लगभग 350 लोग शामिल हुए।

***उक्त कार्यक्रम में हुई आठ प्रतियोगिताएं-***

इस कार्यक्रम के दौरान आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें कविता लेखन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य, कहानी लेखन, साइंस मेला एकल, साइंस मेला समूह प्रतियोगिता शामिल है।

# हल्की बूंदा-बांदी से घुली मौसम में ठंडक, सर्दी ने दिखाया अपना असर

## अलाव सेंकते नजर आ रहे हैं लोग, चाय-मगौड़ी की दुकानों में उमड़ी भीड़



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। हल्की बूंदा-बांदी के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। जगह-जगह लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव सेंकने में लगे हैं। इसके साथ ही गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। सुबह से ही सर्दी का लुत्फ उठाने युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में पार्कों एवं सड़कों पर निकले। बड़ी संख्या में लोगों ने टहलना जारी रखा। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया। जगह-जगह चाय पान की दुकानों पर लोग चाय की चुस्कियां लेते नजर आए वहीं भजिया और मगौड़ी आदि का बच्चों ने जायका लिया। नगर के सार्वजनिक स्थानों पर अभी भी लोगों को नगर पालिका द्वारा जलाए जाने वाले अलाव का इंतजार बना हुआ है। बढ़ती सर्दी एवं हल्की बारिश को देखते हुए प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की जाने लगी है। यहां के यात्री प्रतिक्षालयों, चौराहों एवं अस्पताल आदि इलाकों में अलाव जलाए जाने की मांग की जाने लगी है। देखा जा रहा है कि सर्दी को देखते हुए अनेक समाजसेवी संगठनों ने गरीबों एवं आवारा पशुओं की सेवा का संकल्प लिया है। कई लोग जहां गौसेवा कर उन्हें सर्दी से बचाने में लगे हैं, वहीं मानवीय संवेदना समिति सहित अनेक संगठन गरीबों को कंबल आदि वितरित कर समाजसेवी करते आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मौसम में ठंडक आगे भी घुली रहेगी। स्कूलों एवं कार्यालयों में आज प्रधानमंत्री के खजुराहो दौरे के साथ ही सर्दी का भी असर देखा गया। कई स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा।

# केन बेतवा लिंक परियोजना का अभी भी लगातार विरोध जारी

## बाईस ग्रामो के पीड़ित ग्रामीणो ने ढोड़न बांध स्थित मौके पर चिता पर लेटकर किया विरोध प्रदर्शन




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जहां एक ओर 25 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास खजुराहो स्थित खेल मैदान से किया गया। उक्त कार्यक्रम लगभग एक बजे संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री, अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा हजारो की संख्या में लोगो की उपस्थिती रही, इस दौरान उन्होने केन बेतवा लिंक परियोजना को बुन्देलखंड के लिए वरदान साबित बताया, तथा कहा कि उक्त परियोजना से पूरा बुन्देलखंड हरा भरा हो जायेगा, वहीं दूसरी ओर उक्त परियोजना से प्रभावित पन्ना तथा छतरपुर जिले के 22 ग्रामो के लोगो ने विरोध प्रदर्शन किया तथा निर्माणाधीन ढोड़न बांध के समक्ष पंहुचकर लकड़िया जोडकर चिताओं मे लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। उक्त ग्रामो में अधिकतर आदिवासी लोग निवास करते है, उक्त लोगो को विस्थापित किया जा रहा है, उक्त आदिवासी लोग पैत्रिक रूप से सैकड़ो वर्ष से उक्त ग्राम मे रह रहे थे, लेकिन उन्हे अपने आशियाना छोड़ने का भारी पाश्चाताप हो रहा है, साथ ही उन लोगो के साथ प्रशासन द्वारा अन्याय भी किया जा रहा है, उनका कहना है कि शासन की गाईड लाईन के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। प्रत्येक व्यस्क सदस्य को मुआवजा मिलना चाहीए लेकिन पटवारी तथा ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो एवं अन्य जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा परिवारो की सही गणना नहीं की गई, एवं नियम अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है तथा भारी अनिमित्ताए की जा रही है, उनके अनियत्र बसाने के लिए भी शासन द्वारा कोई प्रबंध नहीं की गये, घर जमीन, पेड़, पौधो, कुआ आदि का भी मुआवजा नहीं दिया गया है, सिर्फ मनमाने ढंग से योजना को विस्तारित करने की जल्दबाजी की जा रही है, जिससे पन्ना तथा छतरपुर जिले के ग्रामीणवासी भारी दुखित है। उक्त संबंध में विजावर निवासी आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अमित भठनागर का कहना है कि यह योजना इस क्षेत्र के लिए अभिश्राप साबित हो रहीं है, इस योजना से पन्ना तथा छतरपुर जिले के प्रभावित क्षेत्रो को कोई लाभ नही मिलने वाला है, केन नदी का पानी सिर्फ नीचे की ओर जायेगा जिसका लाभ सिर्फ अन्य जिलो का मिलेगा, 46 लाख पेड़ काटे जा रहे है, साथ ही टाईगर रिजर्व का अस्तित्व भी खत्म हो जायेगा, एवं पर्यावरण तथा स्वच्छ वातावरण भी प्रभावित होगा, गरीबो को पर्याप्त मुआवजा न मिलना एवं बिना किसी योजना के उन्हे विस्थापित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी प्रकार जयस संगठन के पन्ना जिला अध्यक्ष मुकेश गोड़ ने भी कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना से पन्ना जिले को कोई लाभ नहीं है, हमारे आदिवासी वर्ग के लोगो को विस्थापित करके अन्याय किया जा रहा है, उन्हे पर्याप्त तथा शासन के नियमानुसार मुआवजा राशि भी नहीं दी जा रही है। मुआवजा राशि मे भी दलाली का खेल चल रहा है। तथा आदिवासी वर्ग के साथ भाजपा सरकार द्वारा कुठाराघात किया जा रहा है।

# आम आदमी पार्टी ने जलाया अमित शाह का पुतला



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देश के ग्रहमंत्री अमितशाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ की गई, अनर्गल टिप्पणी को लेकर लगातार एक सप्ताह से सभी विपक्षी पार्टीयों द्वारा आन्दोलन, पुतला दहन, धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी इकाई पन्ना के द्वारा कोतवाली चौराहा अंबेडकर चौक में प्रदर्शन व पुतला दहन किया। उक्त कार्यक्रम में अनेक लोग उपस्थित रहे, जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अंजली यादव, जिला उपाध्यक्ष लीलाधर पटेल, सोशल मीडिया प्रभारी सोनू रजक, जिला सचिव ऋषि कुमार मिश्रा, एस.टी. विंग जिला अध्यक्ष राहुल पाल, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष बलिराम कुशवाहा, राम बाई वर्मा, एवं सक्रिय साथी रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम लाल बागरी, सतीश पटेल आदि अनेक साथी उपस्थित रहे।

# अजयगढ़ में किसानों को नहीं मिल रही खाद् महिलाए तथा बच्चे लगे लाईन में



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा विकास के बड़े बड़े वादे किये जा रहे है तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि सरकार के विकास के प्रचार प्रसार मे लगें हुए है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान समय में जमीनी हकीकत बहुत ही खराब है, देश का अन्य दाता खाद बीज को लेकर महिनो से परेशान है, उन्हे समय पर न खाद मिल रही है न बीज मिल रहा है, न लाईट मिल रहीं है, किसानो की फसले भी एमएसपी के आधार पर नहीं खरीदी जा रहीं है, जिससे किसान भारी परेशान है। पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के किसान इन दिनो युरिया खाद को लेकर परेशान है, हप्तो से खाद गोदाम के सामने सुबह से लेकर शाम तक लाईन में लगें है, लेकिन उन्हे खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, बच्चो से लेकर महिलाए तक खाद् लेने के लिए लाईन मे खड़ी है, पुलिस तथा प्रशासन सिर्फ व्यवस्था बनाने के नाम पर उन्हे डंडा लेकर खदेड़ रहीं है, लेकिन उन्हे खाद उपलब्ध कराने की दिशा में कारगर कदम नहीं उठा रहीं है। जबकी यह क्षेत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद वीडी शर्मा एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह का विधानसभा क्षेत्र है, उसके बावजूद अराजक्ता का माहोल कायम है।

# नगर पालिका की मनमानी अवैध रूप से निजी जमीन पर किया जा रहा कब्जा



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला प्रशासन तथा नगर पालिका की मनमानी को लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा आपत्ति जताते हुए आवेदिका सुमनलता एवं कल्पना पाठक ने कहा कि हमारे स्वामित्व बाली भूमि डायमंड चौराहे पर स्थित है, जिसके सभी दस्तावेज हमारे पास उपलब्ध है, उसके बावजूद राजनैतिक षडयंत्र के चलते जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा बना बनाया मकान ढहा दिया गया, तथा उसका सभी मटेरियल भी जप्त कर लिया गया। जिसको लेकर हमारे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में रिट पिटिशियन याचिका दायर की गई है जो विचाराधीन है तथा जिला कलेक्टर सहित नगर पालिका के अधिकारीयों को भी आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया है, उसके बावजूद जिला प्रशासन ने नगर पालिका द्वारा मनमानी करते हुए किसी भी प्रकार की सुनवाई न करते हुए मनमाने ढंग से उक्त जमीन पर तार फैन्सिंग जारी लगाकर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।

# विश्व योग दिवस पर सहजयोग का किया गया आयोजन

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विश्व योग दिवस के अवसर पर पन्ना जिले की सभी तहसीलों और विकासखण्डों में 'सहजयोग ध्यान' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया। 'सहजयोगी एस.के. गुप्ता' ने कार्यक्रम के दौरान सहजयोग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से सहजयोग का अभ्यास करने से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव और जीवन की अन्य चुनौतियों से निपटने की क्षमता भी विकसित होती है। 'सहजयोग ध्यान से 'मानसिक शांति' मिलती है, तथा मनशांत रहता है, यह तनाव और चिंता को दूर करने में सहायक है। 'शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार': ध्यान से रक्तचाप नियंत्रित होता है और हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा कम होता है। 'आत्मिक जागरूकता': सहजयोग ध्यान आत्मा से जुड़ने का एक सरल माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करता है। 'ध्यान क्षमता में वृद्धि': यह ध्यान केंद्रित करने की शक्ति बढ़ाता है और कार्यक्षमता में सुधार करता है। 'सामाजिक सौहार्द': ध्यान करने से व्यक्ति के स्वभाव में संतुलन आता है, जिससे समाज में सौहार्द और शांति का माहौल बनता है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर सहजयोगी प्रशिक्षकों ने ध्यान कराया तथा लोगो को बताया कि सहज योग अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें। उक्त कार्यक्रम पन्ना जिला मुख्यालय में चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल स्थित ध्यान केन्द्र मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृष्णपाल यादव, आर के सोनी, महेन्द्र यादव सहित अनेक लोग शामिल रहें।



# सीआईएसएफ जवनो को अब मिलेगी मनचाही तैनाती, नियमो में किया गया भारी बदलाव

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सीआईएसएफ जवानों को तैनाती के संबंध मे सरकार द्वारा नियमो मे बदलाव किया गया है तथा जवनो को तैनाती के लिए सुविधा जनक नियम बनाये जा रहें है। उक्त संबंध में डीएमपी मझगंवा मे पदस्थ सहायक कमान्डेट सतीश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जवानो की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नियमो मे सरलीकरण किया गया है। अब शेष जवानो, महिलाओं छोटे कर्मियों एवं दो साल मे सेवानिवृत्त होने जा रहे कर्मचारीयों को जगह चुनने की आजादी रहेगी, इसके लिए उन्हे तीन से लेकर दस जगहो का चयन करना होगा। जिस जगह संभव होगा वहां उस जगह पर प्राथमिकता से तैनाती दी जायेगी। सीआईएसएफ अधिनियम 1968 की धारा 15 के तहत बल के प्रत्येक सदस्य को भारत या बाहर किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है। वर्ष 2017 मे तैनाती को लेकर नियम बनें थे, इसके बाद से बल के आकार एवं तैनाती मे बदलाव आया है, जिसका लाभ सभी अधिकारी कर्मचारीयें को जल्द ही मिलेगा। खासतौर से महिला कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 2017 के अराजपत्रित बल सदस्यों के तबादले संबंधित दिशा निर्देशों की समीक्षा कर उसे बदला गया है। इस बदलाव से सीआईएसएफ के 98 फीसदी कर्मचारियों को लाभ होगा। डोमेन विशेषज्ञ किए जाएंगे तैयार: पहली बार कम से कम 10 क्षेत्रों में डोमेन विशेषज्ञों का एक पूल बनाया जाएगा। ज्ञान और कौशल के उच्चतम स्तर से युक्त बल सदस्यों को कम से कम 10 क्षेत्रों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन सुरक्षा, प्रशिक्षण, युद्ध शिल्प, हथियार और रणनीति, एंटी-ड्रोन समाधान, श्वान (कैनाइन), अग्नि प्रबंधन आदि में डोमेन विशेषज्ञों के रूप में पहचान कर तैनात किया जाएगा तथा जल्द सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी जिनकी अवधि = दो वर्ष में सेवानिवृत्त होना है उक्त कर्मियों को उनके द्वारा दिए गए 3 विकल्पों में से एक स्थान पर तैनाती दी जाएगी। उन्हें तबादले के आदेश जारी करने के दौरान रिक्तियों के आवंटन में पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

# किसानों को नई टेक्नोलॉजी से बने नये-नये यंत्रो का उपयोग करना चाहिए, जानकारी इकट्ठी करेंगे और काम करेंगे, उतनी लागत कम एवं उत्पादन और आय बढ़ाएंगे-विधायक दमोह श्री मलैया

**-अतिथियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी और डेमोस्ट्रेशन के लिए आए कृषि यंत्रों का अवलोकन किया, किसानों को हुआ हितलाभ वितरण**

**-किसानों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण 85, आयुष्मान कार्ड 01, टी.बी. स्क्रीन सैम्पल 25 लिए गए**

**-खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया**







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 25 दिसम्बर। पानी बहुत बड़ी चीज है, पहले प्रदेश के अंदर 07 से 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई होती थी धीरे-धीरे सिंचाई बड़ी और उसके बाद सिंचाई का रकबा बढ़ता गया, अब 45 लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा हो गया हैं। इस आशय की बात पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन एवं कृषि विज्ञान मेले के दौरान कही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नितेन्द्र सिंह लोधी, हरिश्चंद्र पटेल, नर्मदा सिंह एकता, श्रीराम पटेल, पूरन पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, उप-संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत मंचासीन रहे।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक श्री मलैया ने कहा किसानों को नई टेक्नोलॉजी से बने नये-नये यंत्रो का उपयोग करना चाहिए, जानकारी इकट्ठी करेंगे और काम करेंगे, उतनी लागत कम एवं उत्पादन और आय बढ़ाएंगे। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी और डेमोस्ट्रेशन के लिए आए कृषि यंत्रों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारी, किसानों ने खजुराहो में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कहा केन बेतवा लिंक परियोजना का आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी शुभारंभ कर रहे हैं, इस योजना के अंदर आठ डेम है, इससे लगभग 18 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी, जिनका सभी को लाभ मिलेगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चरणों में नमन किया। श्री मलैया ने कहा उनके साथ रहकर छोटी-छोटी बातें सीखने का बहुत अवसर मिला।

प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे किसान सत्यपाल पटेल ने कहा सुपर सीडर में कृषि अभियांत्रिकी की तरफ से 1 लाख 5 हजार का अनुदान मिला है, उससे स्वयं की बोनी भी की है और किराए पर भी चलाया है। उन्होंने कहा नई-नई मशीनों का किसानों को पता चलता है, तो उससे उत्पादन भी बढ़ेगा और भविष्य में किसानों को लाभ भी होगा।

इसी प्रकार तेंदूखेड़ा के ग्राम बोरिया से आये बलवंत यादव ने कहा यहां पर मेला लगा हुआ है, यहां पर अनुदान पर कृषि यंत्र रखे हुए हैं जिन किसानों को यह यंत्र लेने हैं, उसके बारे में सभी कुछ बताया गया है।

इसी प्रकार सीता नगर सरपंच नरोत्तम पटेल ने कहा मेले में बहुत सारे कृषि के यंत्र, जैविक दवाई, जैविक उत्पाद, सहित विभिन्न कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं, जो आधुनिक खेती के लिए फायदेमंद है। इनका सिस्टमैटिक उपयोग करें तो किसान खेती को दोगुना कर सकता है।

इसी प्रकार एग्रोदूत कंपनी के को-फाउंडर ने कहा एग्रोदूत एक एआई पर आधारित एक नई तकनीक हैं, जिससे किसानों को बुवाई से लेकर कटाई तक के सारे सॉल्यूशन एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं, किसान आम भाषा में सवाल पूछ कर अपनी भाषा में सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा यह सारे के सारे प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर हरिश्चंद्र गुड्डू पटेल, नर्मदा सिंह एकता, श्रीराम पटेल, उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने अपनी-अपनी बातें विस्तार से रखी।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, निजी कस्टम हायरिंग, पावर स्प्रेयर, मृदा हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत नवीन निर्मित आवंटित प्रयोगशाला सहित अन्य किसानों को अतिथियों द्वारा हितलाभ वितरण किये गए। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया और आभार प्रदर्शन उप-संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में किसानों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण 85, आयुष्मान कार्ड 01, टी.बी. स्क्रीन सैम्पल 25 लिए गए।

## गर्भवती माताओं की विशेषज्ञ जांच हेतु क्लीनिक आज 26 दिसंबर को

**सिविल अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 27 दिसम्बर को जिला स्तर पर लगाया जायेगा विशेष स्वास्थ्य जांच-क्लीनिक**

दमोह 25 दिसम्बर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 दिसम्बर को विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक लगाए जाएंगे। जांच क्लिनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा सेवाऐं दी जायेंगी।

इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में 27 दिसम्बर 2024 को जोखिम वाली गर्भवती माताओं की विशेषज्ञ जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक लगाया जायेगा। हिण्डोरिया क्षेत्र के शहर से लगे ग्रामों अभाना, बांसा, ईमलियाघाट, उमरी, मुड़िया, खजरी में चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सेवाऐं विशेषज्ञों द्वारा दी जायेंगी।

# यह परियोजना मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने का काम करेगी, मध्य प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा जिससे किसान सुखी और समृद्ध होगा-राज्यमंत्री श्री लोधी

**-केन-बेतवा लिंक परियोजना से लगभग 10.50 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी जिससे बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाली है-राज्यमंत्री श्री पटेल**

**-केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के शिलान्यास से आने वाले 5 से 7 वर्षों में हमारा पूरा बुंदेलखंड आर्थिक रूप से समृद्ध होगा-सांसद श्री लोधी**

**-केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना की सौगात से किसानों की आय चौगुनी होगी और पीने के पानी की उपलब्धता होगी-हटा विधायक श्रीमती खटीक**

   

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 25 दिसम्बर। खजुराहो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम में पहुंचे जिले के मंत्री द्वय श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं श्री लखन पटेल, सांसद श्री राहुल सिंह लोधी और हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने आज के दिन को बुंदेलखण्ड के लिये ऐतिहासिक दिन बताया।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी परियोजना का शिलान्यास करने के लिए यहां पधार रहे हैं, यह परियोजना मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने का काम करेगी, मध्य प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा जिससे किसान सुखी और समृद्ध होगा।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाने वाला दिन है। आज 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्म दिवस है इसको और यादगार बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद करना चाहता हूं कि हमारे नेता के दिन को यादगार बनाने के लिए आज केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन हो रहा है, वह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा यह लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की योजना है, जिससे लगभग 11 जिलों में 10.50 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी, जो कि अपने आप में एक बड़ा इतिहास है। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड और कुछ उत्तरप्रदेश का बुंदेलखंड इसमें शामिल है। इससे लगभग 10.50 लाख हेक्टेयर की सिंचाई होगी जिससे बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाली है।

दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने कहा बुंदेलखंड केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए साक्षी हो रहा है, लाखों की संख्या में यहां पर लोग आए हुए हैं, सभी को बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को सुने और केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना का आज शिलान्यास होगा और आने वाले 5 से 7 वर्षों में हमारा पूरा बुंदेलखंड आर्थिक रूप से समृद्ध होगा। आज का शिलान्यास मील का पत्थर साबित होने वाला है, संपूर्ण बुंदेलखंड के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बहुत-बहुत बधाई और साधुवाद देता हूं, कि इतनी बड़ी परियोजना बुंदेलखंड के लिए आज देने वाले हैं।

हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने कहा आज बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन हो रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को दी है, इससे किसानों की आय चौगुनी होगी और पीने के पानी की उपलब्धता होगी।

## वर्तमान में जल स्त्रोतों से पानी की उपलब्धता एवं वर्ष 2047 की स्थिति में जिले में उत्पन्न होने वाली मांग के आंकलन हेतु जिले का वॉटर ऑडिट करने समिति गठित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 25 दिसम्बर । जिले अंतर्गत वर्तमान में जल स्त्रोतों से पानी की उपलब्धता एवं वर्ष 2047 की स्थिति में जिले में उत्पन्न होने वाली मांग के आंकलन हेतु जिले का वॉटर ऑडिट को अनिवार्य मानते हुए वर्ष 2047 कि स्थिति में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाई जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अधिकारियों को शामिल करते हुए समिति का गठन किया है।

गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा नोडल अधिकारी एवं महाप्रबंधक म.प्र. जल निगम दमोह सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी प्रकार कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.या. विभाग दमोह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग दमोह, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आर.ई.एस.), जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पशु धन व कुक्कुट, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, अधीक्षक भू-अभिलेख तथा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण समिति के सदस्य होंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है गठित समिति 31 मार्च 2025 तक जिले का वॉटर ऑडिट करना सुनिश्चित करेगी एवं समय पर की गई कार्यवाही से कलेक्टर को अवगत कराना सुनिश्चित करेगी।

# अन्तर्राज्यीय शातिर चोरों से तीन लग्जरी गाड़ियां बरामद

## -अमितेश के विरूद्ध आगरा, लखनऊ, मथुरा में 17 आपराधिक मामले हैं दर्ज




आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा थाना रिफाइनरी पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन लग्जरी गाडियां बरामद की गई है। इनमें थाना रिफाइनरी क्षेत्र से चोरी हुई टाटा हैरियर गाडी के अलावा दिल्ली से चुराई गई दो हुंडई क्रेटा कार हैं। अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के तीन सदस्य अमितेश उर्फ मोनू पुत्र रामकुमार सिंह निवासी ओल्ड वोल्टास कैम्पस अपोजिट तारा मण्डल बैली रोड पो. जीपीओ थाना कोतवाली जिला पटना बिहार, मुकेश पुत्र श्रीपत सिंह निवासी ग्राम पीपरखेडा पोस्ट मुरैना थाना सरायछोला जिला मुरैना मध्यप्रदेश व निरंजन सिंह उर्फ चुन्नू पुत्र स्व. साधु शरण सिंह निवासी ग्राम नत्थूपुर पिलर बोधा चकरोड पोस्ट कुरघोल थाना परसा बाजार जिला पटना बिहार को बुधवार को बाद रेलवे पुल के पास एनएच 19 से चुराई गयी गाडियों व तस्करी के लिए ले जायी जा रही गैर प्रान्त की अवैध शराब व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त अमितेश उर्फ मोनू पटना की मुलाकात 2015 में दीपक उर्फ बल्ले निवासी जैथरा एटा से गौतमबुद्ध नगर में एक बार में हुई। बल्ले गाड़ियां बदल बदल कर बार में आता था फिर अमितेश ने दीपक से प्रभावित होकर उससे दोस्ती कर ली फिर राजू गोली उर्फ राजेश शर्मा आगरा, सुजान सिंह मीणा उर्फ गुड्डा, जीतू गुप्ता एटा, मुकेश लम्बू मुरैना, शैलेन्द्र भदौरिया ग्वालियर के साथ मिलकर गाडी चोरी करने की टीम बनाई जिसमें मुरैना , एटा व ग्वालियर के कुछ लडके साथ लेकर लग्जरी गाड़ियों के लॉक खोलकर गाडिया चोरी कराई फिर उन गाडियो को मुकेश लम्बू अपने साथियों के साथ पटना में मोनू पटना व निरंजन के पास पहुंचाता है। निरंजन अपनी वर्कशाप में उन गाड़ियों के चैसिस नम्बर व पहचान मिटाकर मोनू के द्वारा उपलब्ध कराये गये फर्जी नम्बर व चैसिस नम्बर गाड़ियों पर टंकण कर उन गाडियों को शराब तस्करों को सिलीगुड़ी व पटना व अन्य स्थानों पर बेच देते है व खुद भी नम्बर बदलकर उन गाड़ियों का प्रयोग करते है। अमितेश के विरूद्ध आगरा, लखनऊ, मथुरा आदि जनपदों के विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि राज्य में आपराधिक इतिहास की तलाश की जा रही है। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, एसआई विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांस सैल मय टीम, एसआई मोहनलाल थाना रिफाइनरी, एसआई विपिन तोमर, एसआई अखिलेश वशिष्ठ, एसआई सुभाष चन्द्र यादव, एसआई उमंग त्यागी, एसआई उत्तम भडाना, एसआई प्रिया सिवाच तथा एसआई मोनालिसा थाना रिफाइनरी आदि थे।

# सुशासन सप्ताह के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए- जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भारत रत्न माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे देश में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, उसी के क्रम में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम चल रहा है। आज सुशासन सप्ताह के अंतिम दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में लोक भवन लखनऊ में आयोजित %भारत रत्न% अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन समारोह में %उत्तर प्रदेश में सुशासन% विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव कार्यक्रम का माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने देखा।




विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा %भारत रत्न% अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर नमन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी दूरगामी सोच रखने वाले महापुरूष थे। वे भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होने यूनाइटेड स्टेट में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी में भाषण दिया और हिन्दी भाषा का मान बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने भारत में परमाणु परीक्षण करायें, कारगिल के युद्ध के दौरान भी वे प्रधानमंत्री रहे, जिनके निर्देशन के चलते हमारे जवानों ने युद्ध भी जीता। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके व्यक्तित्व को आत्मसात करना चाहिए, जिससे हम एक दिन उनके जैसे बन पाएंगे और एक दिन भारत का नेतृत्व करेंगे। अटल जी ने संसद में कहा था कि पार्टी आयेंगी—जायेंगी, लोग आयेंगे जायेंगे लेकिन अपने राष्ट्र को अजर—अमर बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, हम सभी इसके लिए संकल्पबद्ध होना चाहिए।

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोदिवस पर 19 से 25 तक सुशासन सप्ताह चलाया गया जिसका आज अंतिम दिवस है। सुशासन सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम कराये गये। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि हम लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं तक पहुंचे और उनकी समस्या का निराकरण करायें। इसके लिए प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के मद्देनज़र अपर सचिव भारत सरकार द्वारा गांवों का भ्रमण व पार्थियों, लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं से वार्ता भी की गई और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया गया। इसके साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित कराऐं गये। कहा कि सुशासन सप्ताह सिर्फ सुशासन सप्ताह तक ही सिमित ना रहे इसके लिए हमें अपने आप में बदलाव करना चाहिए और अपने समय में कुछ समय निकालकर हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना चाहिए। अपने स्तर पर किसी भी कार्य को लम्बित नहीं रखना चाहिए और मेज के इस पार और उस पार की भावना को समाप्त करना चाहिए। जब हम अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगें और जागरूक होकर अपने अधिकार प्राप्त करेंगे, तो उस दिन से हर दिवस सुशासन दिवस होगा।

# एक बार फिर बदले गए जिला शिक्षा अधिकारी

## 5 वर्ष में निवाड़ी जिले को मिले आठवे जिला शिक्षा अधिकारी

राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बीते रोज जारी किए गए आदेश के अनुसार निवाड़ी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर एक बार फिर बदलाव किया गया है जिसमें वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी के स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य आर डी वर्मा को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है जबकि वर्तमान में पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव को प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 निवाड़ी में पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि निवाड़ी को जिला बने लगभग 6 वर्ष का समय बीता है और जिला बनने के एक वर्ष बाद जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति नवगठित निवाड़ी जिले में हुई थी और तब से लेकर आज तक लगभग 5 वर्षों में आठवे जिला शिक्षा अधिकारी निवाड़ी में बदले गए हैं। गौरतलब है कि निवाड़ी जिले को उदित नारायण मिश्रा के रूप में सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी मिले थे जिनका कार्यकाल 26 फरवरी 2019 से 28 अगस्त 2021 तक रहा था इसके बाद अपर कलेक्टर एसके अहिरवार जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ रहे जिनका कार्यकाल 29 अगस्त 2021 से 19 सितंबर 2021 तक रहा और उनके बाद शैलेंद्र नाथ नीखरा निवाड़ी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ रहे जिनका कार्यकाल 20 सितंबर 2021 से 31 मार्च 2023 तक रहा इसके पश्चात मात्र दो दिन के लिए राजेंद्र पाठक जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर रहे और उसके बाद आर पी अहिरवार को जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया जिनका कार्यकाल 13 अप्रैल 2023 से 1 जून 2023 तक रहा और उसके बाद एस के हींगबासिया निवाड़ी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ रहे जिनका कार्यकाल 2 जून 2023 से 3 अक्टूबर 2023 तक रहा और उसके बाद उन्मेष श्रीवास्तव को जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया जिनका कार्यकाल 4 अक्टूबर 2023 से 24 अक्टूबर 2024 तक रहा और अब जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर एक बार फिर फेर बदल किया गया है जिसके उपरांत निवाड़ी जिले को आठवें जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक निवाड़ी में पदस्थ प्राचार्य आर डी वर्मा को जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है जबकि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है।

## कंचना घाट पर योग सत्र का हुआ आयोजन, विदेशी पर्यटकों ने भी लिया हिस्सा

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री शिव शेखर शुक्ला के निर्देशन में, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अधिकारी डीएटीसीसी श्री रोहन सक्सेना के मार्गदर्शन में ओरछा के कंचना घाट में आज एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीड योग स्कूल ऑफ मैराकॉन, स्विट्जरलैंड के सहयोग से किया गया।



योग सत्र का नेतृत्व रामराजा एडवेंचर के श्री मनोहर लाल केवट ने किया। जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम के माध्यम से योगाभ्यास कराया। उन्होंने वेलनेस और मेडिकल टूरिज्म, योग के महत्व और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया और इसे एक सुखद अनुभव बताया। इसके साथ ही विदेशी पर्यटकों ने भारतीय संस्कृति और योग की परंपराओं को नजदीक से समझा और कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया।

## ग्राम में पदस्थ शिक्षक की ओडी समाप्त किए जाने की मांग

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। विधानसभा क्षेत्र पृथ्वीपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम मडिया में संचालित शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक की ओडी समाप्त किए जाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अधिकांश ग्राम वासियों ने कलेक्टर को आवेदन दिया। ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में बताया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश अनुसार समस्त प्रकार के आसंजन ओडी समाप्त कर दिए गए हैं लेकिन शासकीय हाई स्कूल मडिया में पदस्थ शिक्षक शिवाकांत खरे की ओडी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय निवाड़ी में लगाई गई है। हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा नजदीक है और गणित विषय के शिक्षक विद्यालय में कोई नहीं है जिससे बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। ग्राम वासियों के द्वारा दिए गए पत्र में कलेक्टर को अवगत कराया गया है कि पृथ्वीपुर में दो निजी शिक्षण संस्थाएं भी संचालित हैं जिनमें शिवाकांत खरे अपने शासकीय कर्तव्य पालन विद्यालय से अधिक समय दे रहे हैं। ग्राम वासियों ने मांग की है कि शिवाकांत खरे गणित के शिक्षक हैं जिनकी ओडी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर शासकीय हाई स्कूल मडिया में पदस्थ किया जाए। आवेदन देने वालों में ग्राम पंचायत मडिया के सरपंच संजय सिंह दांगी पुष्पेंद्र रजक वीर सिंह दांगी शहजाद खान संजय कुमार अहिरवार अनिल अहिरवार सहित कई ग्रामवासी शामिल रहे।

# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना...प्रथम पृष्ठ का शेष-

तरीके से एक करोड़ हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में पिछले 10 साल में 5 लाख हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन हो रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश के हर जिले में 75-75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। कैच द रेन अभियान के अंतर्गत 3 लाख से अधिक रिचार्ज वेल बनाए गए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहाँ-जहाँ भूजल स्तर कम था, वहाँ अटल भूजल योजना चलाई गई है।

***मध्यप्रदेश दुनिया के 10 सबसे बड़े आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन में शामिल***

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश पर्यटन में अव्वल है। एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश दुनिया के 10 सबसे बड़े आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन में शामिल है। हमारी सरकार देश-विदेश की पर्यटकों को सुविधाएं बढ़ा रही है। विदेशों के लिए ई-वीजा सुविधा प्रारंभ की गई है। त-20 की खजुराहो में हुई बैठक में एमपी टूरिज्म का प्रचार-प्रसार किया गया। देश में हेरिटेज और वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विस्तार किया जा रहा है। इसकी मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व संभावना है। केंद्र की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म और हेरिटेज टूरिज्म का विस्तार किया जा रहा है। गांधी सागर, बाणसागर, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, सांची, खजुराहो, ग्वालियर ओरछा, चंदेरी, मांडू आदि पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। केन-बेतवा योजना की लिंक नहर के माध्यम से पन्ना टाइगर रिजर्व में पर्यटन बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

***भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति***





प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। आज दुनिया भारत को जानना चाहती है। पिछले दो दशकों में मध्यप्रदेश ने कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। आने वाले सालों में मध्यप्रदेश देश की टॉप इकोनॉमी में से एक होगा। प्रदेश में तीव्र गति से निरंतर हो रहे विकास कार्यों के फलस्वरुप विकसित बुंदेलखंड, विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत बनेगा। हमारी डबल इंजन सरकार निरंतर ईमानदारी से कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सुशासन का अर्थ है जनता को अपने अधिकारों के लिए हाथ न फैलाना पड़े और सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। सुशासन के लिए हमने तकनीकी का भी पूरा उपयोग किया, जिससे फर्जीवाड़ा बंद हुआ है। गरीबों के जन-धन बैंक खाते खुलवाए गए और उन्हें आधार और मोबाइल से जोड़ा गया। अब उनके खाते में किसान सम्मान निधि, लाडली बहना आदि योजनाओं की राशि सीधे ही पहुंच रही है। गरीबों को बिना परेशानी के मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए एक देश-एक राशन कार्ड योजना चल रही है। हम सुशासन की वर्तमान चुनौतियों को दूर करते हुए भविष्य की चुनौतियों पर भी कार्य कर रहे हैं।

***प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से चंबल-मालवा और बुंदेलखण्ड में होगी पर्याप्त पेयजल और सिंचाई की व्यवस्था - मुख्यमंत्री डॉ. यादव***

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के संदर्भ में आधुनिक युग के भगीरथ हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजा भगीरथ के प्रयासों से अवतरित हुई गंगा जी ने सभी को नया जीवन प्रदान किया था, उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में नए युग का सूत्रपात किया है। सकारात्मक सोच और प्रयासों से 10-12 साल में किस प्रकार परिस्थितियों में सुधार होता है, प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल इसका श्रेष्ठ उदाहरण है और हम सब इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रकार से संपन्न वीरों की भूमि बुंदेलखंड, सूखे से सदैव प्रभावित रहा। पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्र को सूखा मुक्त करने और जल की पर्याप्त व्यवस्था करने का सपना देखा था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस सपने को धरातल पर उतारने की पहल की। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ के साथ ही कुछ दिन पहले 35 हजार करोड़ रूपए लागत की पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना का शुभारंभ ऐतिहासिक था। इन परियोजनाओं से चंबल, मालवा और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र को पीने का पानी एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी और उद्योग-धंधों को पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की बुंदेलखंड क्षेत्र में पूर्व में तीन यात्राएं हुई। इन यात्राओं में उन्होंने बुंदेलखंड के कष्ट को समझा और आज क्षेत्र के लोगों को होली-दिवाली मनाने जैसी सौगातें प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सौगात के लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

***ओंकारेश्वर सोलर परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री मोदी की नवाचारी पहल का परिणाम***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन के सभी प्रबंध किये जा रहे है। गरीब, युवा, किसान सहित सभी वर्गों की चिंता करने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकतंत्र को भी पुष्पित-पल्लवित किया है। इसलिये गरीब किसान परिवार के व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना संभव हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सरकार-समाज-व्यवस्था सभी का समान रूप से ध्यान रखते हुए प्रस्तुत आदर्श के लिए उनका अभिनंदन है। ऐसे विजन से ही लोगों के जीवन की दिशा बदलती है। मध्यप्रदेश के लिए 8 दिन में दो बड़ी नदी परियोजनाएं स्वीकृत कर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्यों को संदेश दिया है कि हमारी प्राकृतिक संपदाएं राज्यों की परस्पर बेहतरी के लिए होना चाहिए, मात्र संकीर्ण स्वार्थों के लिए नहीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की नवाचारी पहल के परिणाम स्वरुप ही देश की पहली ओंकारेश्वर सोलर परियोजना का लोकार्पण हो रहा है। इससे सौर ऊर्जा से पर्याप्त विद्युत आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के मध्यप्रदेश आगमन से प्रदेशवासियों में गर्व और आनंद का संचार हुआ है।

***जनकल्याण पर्व में प्रतिदिन प्रदेश को मिली सौगातें***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के 1 वर्ष की पूर्णता पर आरंभ जनकल्याण पर्व पूरा हो रहा है। इस पूर्व के दौरान 11 दिसंबर (गीता जयंती) से अब तक प्रतिदिन प्रदेश को सौगातें प्रदान की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 35 हजार करोड़ रूपये लागत की पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की सौगात और 44 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमि-पूजन प्रदेश के लिए बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण सौगात है। जनकल्याण पर्व के समापन अवसर पर नदी जोड़ो परियोजनाओं की लगभग 75 हजार करोड़ रूपये की सौगातों के साथ 30 हजार करोड़ से अधिक लागत के भूमि-पूजन और लोकार्पण आज हुए हैं, इस प्रकार 1 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक के कार्य प्रदेश में आज आकार ले रहे हैं।

***जनकल्याण अभियान में घर-घर जाकर जरूरतमंदों को जोड़ा जा रहा है योजनाओं से***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और जनता को उनका हक मिलना चाहिए। इसीलिए प्रदेश में जनकल्याण पर्व के साथ-साथ 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक ग्राम और वार्ड स्तर तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पात्र हितग्राहियों का सर्वे कराकर शिविरों के माध्यम से गरीब हितैषी 76 और 53 व्यक्तिगत योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। अब तक 7 हजार से अधिक शिविर आयोजित हुए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 3 लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। जनता के हित की बात जनता के घर जाकर करने के उद्देश्य से संचालित अभियान में शासकीय अमला जरूरतमंद लोगों के घर-घर जाकर उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रहा है।

***औद्योगिक गतिविधियों के लिए प्रदेश को प्राप्त हुए हैं 4 लाख करोड़ के प्रस्ताव***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में छह रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव संपन्न हुई हैं, जिसमें 2 लाख 7 हजार करोड़ रूपये और मुंबई, बेंगलुरु, कोयंबटूर और कोलकाता में किए गए रोड शो से 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश और भोपाल में आयोजित खनन कॉन्क्लेव के माध्यम से 20 हजार करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूके और जर्मनी टूर से 78 हजार करोड़ के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार औद्योगिक गतिविधियों के लिए संयुक्त रूप से 4 लाख करोड़ रूपये के प्रस्ताव प्रदेश को प्राप्त हुए हैं, इससे प्रदेश के स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

***आगामी 5 वर्षों में ढाई लाख पदों की करेंगे पूर्ति***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ग्वालियर के निवासी थे। उनकी 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का मध्यप्रदेश आगमन ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार द्वारा पिछले 1 वर्ष में आरंभ किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गुरुकुल परंपरा आरंभ की गई है। शासकीय पदों पर एक लाख से अधिक की भर्ती और 5 साल में ढाई लाख से अधिक पदों की पूर्ति की जाएगी। नई शिक्षा नीति लागू करने के साथ ही 55 जिलों में पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं की उपाधि व अंक सूची डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया है।

***अटल जी के सपने को साकार कर रहें है प्रधानमंत्री श्री मोदी - केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल***

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान का सपना आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरा होने जा रहा है। वे ये भलीभाँति जानते है कि जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत रहती है ऐसे स्थानों पर नदी जोड़ो परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की भी शुरुआत हुई है, जिसका लाभ प्रदेश और पड़ौसी राज्य राजस्थान को मिलेगा। कई दशकों से अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूरा करने का काम भी अब किया जा रहा है। इस कड़ी में नमामि गंगे कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल ने कहा कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए होगा लेकिन मुझे भरोसा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता एवं नेतृत्व से भारत इसका हिस्सा नहीं बनेगा।

***बुंदेलखंड सहित मध्यप्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक - सांसद श्री शर्मा***

खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड सहित मध्यप्रदेश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। बुंदेलखंड की धरा पर प्रधानमंत्री श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के नदी जोड़ने के सपने को पूरा करने खजुराहो आये हैं। समूचे बुन्देलखण्ड की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत है। केन-बेतवा लिंक परियोजना की शुरुआत होने से अब यह क्षेत्र सूखा नहीं बल्कि हरा-भरा और समृद्धशाली होगा। यहाँ की दशा और दिशा में बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर क्रियान्वित हो रही केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से बुंदेलखंड का क्षेत्र अब गरीबी और सूखे से मुक्त होकर समृद्धशाली क्षेत्र के रूप में आकार लेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मगुभाई पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री वीरेन्द्र खटीक, मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं श्री राजेन्द्र शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद मंडला श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

***कार्यक्रम की मुख्य झलकियां***

प्रधानमंत्री श्री मोदी खुली जीप में कार्यक्रम स्थल पर आए। बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय का उन्होंने दोनों हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जनता में अभूतपूर्व उत्साह था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन और बेतवा के पवित्र जल को नेशनल प्रोजेक्ट के मॉडल में प्रतीकात्मक रूप से प्रवाहित कर परियोजना का सांकेतिक शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बनी सरकार के एक साल पूरा होने पर मुख्यमंत्री सहित सभी को बधाई दी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई शासन की विभिन्न योजनाओं, एवं परियोजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित केन-बेतवा लिंक परियोजना के 3डी मॉडल का अवलोकन भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी का बुंदेलखंड के लोकनृत्य कलाकारों द्वारा बधाई नृत्य के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में स्व. अटल जी के जीवन एवं कार्यों पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है। मैं ईसाई समुदाय को ढेर सारी बधाई देता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कार्यक्रम में पधारे साधु-संतों का पुष्प-वर्षा कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान श्रीराम की बाल्यवस्था की टेराकोटा से बनी मूर्ति एवं खजुराहो के कंदरिया महादेव मंदिर का शिल्प भेंट किया। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने अटल जी की मूर्ति भेंट की।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक रामबाबू सिंह परिहार द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-रामबाबू सिंह परिहार/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321